इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 40] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 7 अक्टूबर 2022—आश्विन 15, शक 1944

भाग २

स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं

कार्यालय, उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, टाउन हॉल परिसर, जिला छिन्दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट

भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी प्रकाशन की सूचना

छिन्दवाड़ा, दिनांक 27 सितम्बर 2022

क्र. 108-नग्रानि-2022.—एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बालाघाट निवेश क्षेत्र के लिए भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्रों का मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 15 की उपधारा (1) के अधीन उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा द्वारा निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार तैयार किया गया है और उसकी एक प्रति—

1. आयुक्त, जबलपुर कार्यालय जबलपुर.
2. कलेक्टर कार्यालय, जिला बालाघाट.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, जिला बालाघाट.
4. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा के कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान निरीक्षण के लिए दिनांक 7 अक्टूबर, 2022 से उपलब्ध है.

निवेश क्षेत्र की अनुसूची

1. **उत्तर में**—ग्राम कनकी, खैरी, बोदा, कोलवा, टवेझिरी तथा हीरापुर की उत्तरी सीमा तक.
2. **पूर्व में.**—ग्राम हीरापुर, अमेडा, बगदरा, परसवाड़ा तथा ग्राम लिंगा की पूर्वी सीमा तक.
3. **दक्षिण में.**—ग्राम लिंगा, नैतरा, गोगलई, जागपुर, रेंगाटोला, एकोड़ी तथा ग्राम अलेझरी की दक्षिणी सीमा तक.
4. **पश्चिम में.**—ग्राम अलेझरी, रजेगांव, डुंगरिया, मांझापुर तथा ग्राम कनकी की पश्चिमी सीमा तक.

यदि इस प्रकार तैयार किये गये भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो तो उस उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश छिन्दवाड़ा को इस सूचना मध्यप्रदेश राजपत्र प्रकाशन की तारीख से 30 दिन की कालावधि के भीतर भेजें अथवा प्रकाशन स्थल पर प्रस्तुत करें.

वर्तमान भूमि उपयोग संबंधी उक्त मानचित्र के संबंध में किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर, जो किसी भी व्यक्ति के ऊपर विनिर्दिष्ट 30 दिन की कालावधि के पूर्व प्राप्त होगी उन पर उप संचालक द्वारा सम्यक् विचार हेतु प्रस्तुत करें.

स्थान : नगरपालिका परिषद्, बालाघाट

दिनांक : 7 अक्टूबर 2022

व्ही. के. परस्ते, प्र. उप संचालक.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.